दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001

(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)

सम्बद्ध

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक–08.04.2026

प्रकाशनार्थ

आत्मानुशासन और लक्ष्य केन्द्रित अध्ययन ही सफलता की कुंजी– प्रो. ओम प्रकाश सिंह

दिनांक 08.04.2026 को महाविद्यालय के संवाद कक्ष में भूगोल विभाग द्वारा स्वागत एवं विदाई समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता महाविद्यालय के यशस्वी एवं ऊर्जावान प्राचार्य प्रोफेसर ओम प्रकाश सिंह जी ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्पांजलि से हुई। इस अवसर पर अपने आशीर्वाद उदबोधन में प्राचार्य जी ने कहा कि आत्मानुशासन एवं लक्ष्य केन्द्रित अध्ययन से ही सफलता मिलेगी। क्योंकि वर्तमान समय में आप को सफलता से रोकने और लक्ष्य से भटकाने के लिए अनेक अवसर एवं साधन उपलब्ध है लेकिन हमारे विद्यार्थी सभी अवरोधों को पार करते हुए अपने लक्ष्य को प्राप्त करेंगे और महाविद्यालय तथा विभाग का नाम रोशन करेंगे।

भूगोल विभाग के शिक्षक डॉ अनूप राय ने स्वागत एवं माल्यार्पण किया तथा अपने उदबोधन में विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए भूगोल विषय के महत्व एवं उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्हें आगे बढ़ने लिए दिशा निर्देशित किया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गयी। भूगोल विभाग के शिक्षक डॉ अनुपमा मिश्रा, डॉ रविन्द्र कुमार और डॉ संजीत कुमार सिंह ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का शानदार संचालन एम० ए० चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा आकांक्षा कुमारी और अमृता सिंह ने किया। इस अवसर पर डॉ निधि राय, डॉ जागृति विश्वकर्मा, शास्वत राम तिवारी, संजय यादव, धनंजय सिंह, गौरव यादव, अतुल यादव, अंकित राव, दीक्षा, कलश, श्रुति, पूजा, खुशी, कृतिका, सपना, निगम, सहित सभी छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क